तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 24 फरवरी 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 संबलपुर मार्ग जर्जर, ग्रामीणों ने की मरम्मत की जल्द...





12 सरपंच एवं जपं सदस्य की जीत पर ग्रामीणों ...




## खबर संक्षेप



### अंदरूनी क्षेत्रों में स्काउट गाइड्स ने किया सहयोग

**कांकेर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के अनुरूप छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन के अंतिम चरण के चुनाव में अंतागढ़, कोइलीबेडा, विकासखंड के अंदरूनी क्षेत्र आमाबेड़ा तालाबेड़ा फूफगांव, सहित अन्य मतदान केंद्रों में बुजुर्ग दिव्यांग गर्भवती महिला एवं पुरुष मतदाताओं के सहयोग के लिए भारत स्काउट एवं गाइड्स के छात्र-छात्राओं ने मतदाता मित्र के रूप में अपनी सेवाएं दी तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक सकुशल पहुंचकर सहयोग प्रदान किया।

### माकड़ीखूना में दो दिनी वार्षिक मेला आज से

**कांकेर।** प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी माकड़ी खुना का दो दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन 24 और 25 फरवरी को आयोजित किया जाएगा तथा रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख और सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग ब्लॉक अध्यक्ष के द्वारा दी गई।

## चुनाव : मतदाताओं ने लोकतंत्र पर जताया भरोसा और भारी मतदानकर दिया संदेश

# अतिसंवेदनशील क्षेत्र में जमकर मतदान महिलाओं की लगीं लंबी-लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने बोदानार प्राथमिक शाला में किया मतदान
- बुलेट के बजाय बैलेट पर जताया भरोसा, मतदाताओं का लगा रहा तांता

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले में तीसरे और अंतिम चरण का मतदान जनपद पंचायत अंतागढ़ और कोयलीबेडा क्षेत्र में 23 फरवरी को हुआ, जहां स्थानीय सरकार का चुनाव करने ग्रामीण मतदाताओं में होड़ लगी रही। युवा वर्ग ही नहीं, बड़े बुजुर्ग, निःशक्तजन और महिला मतदाताओं में भी मतदान करने पोलिंग बूथों में लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिली। कहीं पर महिलाएं अपने बच्चे को गोद में लिए, तो कहीं उम्रदराज मतदाताओं को सहारा देकर मतदान केंद्रों में लाते नजर आए। अतिसंवेदनशील ईलाके में बुलेट के बजाए बैलेट पर मतदाताओं ने विश्वास जताया। यह पहली बार है कि नक्सलियों ने किसी भी प्रकार का विरोध में पंपलेट जारी नहीं किया है।

विकासखंड अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा के मतदान दल अपने मतदान केंद्रो पर एक दिन पहले पहुँच गए थे और सुबह 6 बजे से मतदान के लिए तैयारी प्रारंभ कर दिया था। सभी मतदान केंद्रो पर सुबह पौने 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया था। निर्धारित समय 2 बजे तक मतदान होना था, परंतु मतदाता अंतिम समय पर पहुँचने के कारण अधिकतम मतदान केंद्रो पर देर शाम को मतदान खत्म हुआ, इसके उपरांत मतगणना शुरू हुई।

मतगणना में सबसे पहले पंच, उसके बाद सरपंच, उसके बाद जनपद सदस्य और अंत में जिला पंचायत सदस्य के लिए मतगणना की गई। दिव्यांग मतदाताओं का मतदान के लिए मतदान केंद्रो पर व्हील चेयर की व्यवस्था भी की गई थी। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत अंतिम चरण यानी तीसरे चरण में जिले की जनपद पंचायत अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में स्थानीय सरकार बनाने को लेकर ग्रामीण मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। युवा वर्ग ही नहीं, बड़े बुजुर्ग, निःशक्तजन और महिला मतदाताओं की भी मतदान करने पोलिंग बूथों में लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिली। कहीं पर महिलाएं अपने बच्चे को गोद में लिए, तो कहीं उम्रदराज मतदाताओं को सहारा देकर मतदान केंद्रों में लाते नजर आए।



### विधायक विक्रम उसेंडी ने भी किया मतदान

अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम बोदानार में विधायक विक्रम उसेंडी ने मतदान किया, इसके अलावा लामकन्हार निवासी 60 वर्षीय रतनी बाई, 58 वर्षीय परमेश्वरी धनेलिया सहित सरिता पोटाई, नरोतीन दुग्गा, बंसु दुग्गा, बीना दुग्गा, मानबती दुग्गा, दायरो कावड़े, रामबती गावड़े, 58 वर्षीय पार्वती उइके ने भी अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिन इलाकों में सिर्फ भय और आतंक का बोलबाला था, उन गांवों में ग्रामीण मतदाताओं ने लोकतंत्र पर गहरी आस्था जताते हुए बुलेट की जगह बैलेट का रास्ता अपनाया। वोट देने आए मतदाताओं ने कहा कि ग्रामीण अब शांति और सुकून चाहते हैं और लोकतंत्र ही सर्वमान्य है। इसीलिए अपने गांव की सरकार चुनने वे वोट डालने आए हैं। पोडगांव के पहली बार वोट देने आए युवक सचिन गजबिये ने भी अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए कहा कि इससे पहले वह कभी वोट नहीं किया था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को चुनने का मौका मिला तो बहुत उत्साहित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने चला आया।

### दुधमुंहे बच्चों को लेकर माताएं पहुंचीं मतदान केंद्र

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदान केंद्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए माताएं अपनी दुधमुंहे बच्चों को लेकर पहुंची। कोयलीबेडा के अति संवेदनशील क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 86 और 87 सुलंगी में ममता उईके ने अपनी 03 माह के छोटी सी बच्ची को लेकर मतदान किया, साथ ही रामेश्वरी, रमिला, रेशमी नेताम ने भी अपने दुधमुंहे बच्चों के साथ लोकतंत्र के इस माह पर्व में हिस्सा लेकर अपनी भागीदारी निभाई। मतदान केंद्र क्रमांक 94 तुरसानी निवासी महिला 03 माह के दुधमुंहे बच्ची को लेकर उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## निर्वाचन ड्यूटी पर मतदान अधिकारी नशे में मिला किया गया निलंबित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

त्रिस्तरीय आम निर्वाचन के तहत अंतिम चरण का मतदान संपन्न कराने के दौरान निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राथमिक शाला सुरेवाही में तैनात मतदान अधिकारी दो शिक्षक रूपचंद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विकासखंड अंतागढ़ के मतदान केंद्र 44 प्राथमिक शाला सुरेवाही में मतदान अधिकारी दो के रूप में कार्यरत शिक्षक रूपचंद्र साहू मतदान के समय शराब का सेवन कर कार्य में व्यवधान डाल रहा था, इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा बनाया और उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर के द्वारा जारी निलंबन आदेश में उल्लेख किया गया कि अंतागढ़ विकासखण्ड के मतदान केन्द्र क्रमांक 44 प्राथमिक शाला सुरेवाही में मतदान दल क्रमांक 40 पर मतदान अधिकारी 02 के रुप में माध्यमिक शाला बोड़ागांव के शिक्षक रूपचंद साहू की ड्यूटी लगाई गई थी। शिक्षक के द्वारा मतदान दिवस को शराब का सेवन करना पाया गया। पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए सौंपे गए अतिमहत्वपूर्ण दायित्व और कार्य में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण निर्वाचन कार्य में स्पष्ट रुप से प्रभावित हुआ। उक्त कृत्य को अत्यंत ही खेदजनक एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है, जिसके कारण ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कच्चे माइंस मार्ग पर दो वाहनों की भिड़ंत में ट्रक चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर




कच्चे चौकी के अंतर्गत माईस जाने वाले मार्ग में 23 फरवरी की सुबह साढ़े 11 बजे के आसपास माईंस से लौह अयस्क लोड करके जा रहे ट्रक को सामने से आ रही ट्रक के चालक ने लापरवाही बरतते हुए सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसमें लौह अयस्क से लोड ट्रक के चालक को चोट आई और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इसी चालक की शिकायत पर आरोपी ट्रक के चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कच्चे चौकी में शिकायत करने पहुँचे बालोद जिले के थाना गुंडरदेही के ग्राम ढाबाडीह निवासी 28 वर्षीय तुमेश्वर साहू पिता कृष्ण कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि मैं साल्हे निवासी शालिनी माबते पति मनोज निवासी के 12 चक्का ट्रक सीजी 19 बीएफ 3797 को चलाता हूँ। मैं 23 फरवरी को ट्रक में कच्चे माईंस से लौह अयस्क को लोड करके रायपुर के लिए निकला था। मेरी ट्रक 23 फरवरी की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे कचलाम बाड़ी के पास माईंस रोड कच्चे पहुँचे थे, तभी सामने की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 8821 के चालक द्वारा ट्रक को विपरीत दिशा में तेज रफ्तार लापरवाहीपूर्वक चलाते लाया और मेरे ट्रक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मुझे दोनो पैर मे जांघ व दांये पैर के घुटना के पास चोट लगा है। दुर्घटना में मेरे ट्रक के सामने का भाग क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बारे मे मैने अपने ट्रक की मालिकन को जानकारी ▶▶ शेष पेज 10 पर



## नेगी तालाब में निरंकारी फाउंडेशन ने चलाया साफ-सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तहत देशभर में जल स्त्रोतों तालाब, नदियां, झरने, झीलें और समुद्र 23 फरवरी को एक दिवसीय अभियान चलाया, जिसके तहत कांकेर की ईकाई ने नेगी तालाब में सफाई अभियान चलाया। फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बताया कि संत निरंकारी मिशन मानव सेवा को ही ईश्वर की सच्ची भक्ति मानता है। संत निरंकारी मिशन कोई धर्म या संप्रदाय नहीं है, यह केवल एक आध्यात्मिक विचारधारा है जिसमे एक ईश्वर की भक्ति करने का संदेश दिया जाता है। संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक जागृति के साथ समाज की सेवा भी विभिन्न प्रकार के सामाजिक अभियानो से कर रहा है। वर्ष 2023 के फरवरी माह से प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना संत निरंकारी मिशन द्वारा आरंभ किया गया। बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर इसे आरंभ किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा के आशीर्वाद से इस वर्ष भी 23 फरवरी 2025 को सम्पूर्ण भारत वर्ष मे जल के लगभग 400 स्थानो के विभिन्न जल स्त्रोतों तालाब, नदियां, झरने, झीलें और समुद्र के लिए सफाई का प्रोजेक्ट अमृत के तहत करने का निर्णय लिया गया है। ब्रांच कांकेर मे इस बार नेगी तालाब में यह ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कोडाखुरी में धूमधाम से मनाई गई माता पहुंचानी, ग्रामीण में रहा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत बरहेली के आश्रित ग्राम कोडाखुरी गांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता पहुंचानी माँ शीतला माता मंदिर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। रविवार 23 फरवरी की सुबह से ही शीतला माता मंदिर में लोग पूजा करने पहुंचे। अंचल में माता पहुंचानी का खास महत्व है, क्योंकि यह परंपरा के समय से चली आ रही है। माता पहुँचानी कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों ने बताया कि साल में एक बार माता पहुंचानी होता है। मान्यता यह है कि जिसके घर में चाहे बच्चे हो या जवान, उनको माता आती है, जिससे शरीर में दाना दाना दिखाई देता है, उसे हम आज डाक्टरी भाषा में चेचक बोलते है। जिस किसी के शरीर में माता प्रवेश करती है, तो तुरंत शीतला माता के पुजारी को बुलाया जाता है। पुजारी के द्वारा उसके नाड़ी देख माता आना बताया जाता है। पुजारी के मार्गदर्शन में फिर नीम और पानी साथ में नारियल घर के किसी भी सदस्य को माता है, उसके पलंग के नीचे नीम और एक बड़ा बर्तन में पानी रख पुजारी अर्जी विनती कर तीन दिन के बाद उस सदस्य को नहला जाता है। उसके शरीर पर दूध, दही का छिड़काव कर शांत किया जाता है।

मान्यता अनुसार माता पहुंचानी के दिन जिसको माता आया हुआ होता है, वह सदस्य नए सफेद कपड़े पहनकर अपने परिवार के साथ गली मोहल्ले पास एकत्र होते हैं। शीतला माता से देवी देवता आंगादेव, डांग डोला के साथ पुजारी गांव के नागरिक सभी माता आए लोगों और एकत्र हुए लोगो को परघाने जाते हैं और मंदिर में लाकर सभी ढाई परिक्रमा करते हैं। माता आए सभी सदस्य और परिवार ढाई परिक्रमा कर उनके ऊपर दूध दही का



छिड़काव कर माता को शांत करते हैं। माता पहुंचानी के अवसर पर ग्राम गायता धनीराम तुलावी, पटेल सुरेश तुलावी एवं पुजारी बिरसिह पुरामे, वरिष्ठ नागरिक धनसाय तुलावी, राधेश्याम गावड़े, अनिल कुमार उयके, नरेश तुलावी, ढेलू मंडावी, श्यामलाल उयके, रामजी मंडावी, बिसलाल तोपा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सायकिल को ठोकर मारी, फरार चालक की तलाश




**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत विगत दिनों अज्ञात मोटर सायकल चालक ने सायकल सवार को ठोकर मारा था। ईलाज के दौरान सायकल चालक की मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना में पाया कि अज्ञात वाहन के चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। चारामा पुलिस ने विवेचना में पाया कि शीतलापारा चारामा निवासी 63 वर्षीय मृतक प्रफुल कुमार कोमार्य पिता मनराखन सिंह कोमार्य 28 दिसंबर को अपनी सायकल से खेत गया था और वापिस घर आ रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर माहुद चौक के पास उसी दिन लगभग सायं 6 बजे पहुँचा था, तभी अज्ञात मोटर सायकल चालक द्वारा तेजगति, लापरवाही पूर्वक एवं उपेक्षापूर्वक मोटर सायकल को चलाकर मृतक प्रफुल कुमार कोमार्य के सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट ▶▶ शेष पेज 10 पर

## चार दिवसीय वार्षिक मेला 28 से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम प्रमुख पटेल लालजी दुग्गा ने बताया कि ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल के वार्षिक मेला का आयोजन 28 फरवरी से शुरू होगा और 3 मार्च तक चलेगा। मेला आयोजन को लेकर शीतला मंदिर प्रांगण दुर्गूकोंदल में बैठक हुई। बैठक में ग्राम गायता मानूराम दुग्गा, अध्यक्ष बिरसिंह दुग्गा, भूपेंद्र दुग्गा, जैत राम दुग्गा, भारत दर्रो, ग्वाल दुग्गा, कृष्णा दुग्गा, अशोक कोमरा, चैनसिंह दुग्गा, महत्तम दुग्गा,फूलसिंह मंडावी, सोमल जैन, जीतेन्द्र यादव, समलू कोरेटी, मोहन जैन, चंद्रेश दुग्गा, परमा दुग्गा, सुरेश दुग्गा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 14 जनपद सदस्यों में से 9 पर कांग्रेस और 5 पर भाजपा समर्थित जीतकर आए

# भानुप्रतापपुर जनपद में सरकार बनाने भाजपा-कांग्रेस की चल रही रस्साकशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- 14 जनपद सदस्यों में 5 पुरूष और 9 महिलाएं है शामिल
- कांग्रेस में अध्यक्ष को लेकर विवाद, भाजपा को लाभ की आस

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में 14 जनपद सदस्य का चुनाव हुआ, जिसमें 09 सदस्य कांग्रेस और 05 भाजपा समर्थित है। इसके अलावा केवल 05 पुरूष जीतकर आएं है, वहीं 09 महिलाएं जनपद सदस्य बनी है। भाजपा को विश्वास है कि कांग्रेस में अध्यक्ष को लेकर जो विवाद बना हुआ है, उसका लाभ भाजपा को मिलेगा और जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में भाजपा का अध्यक्ष का बैठना तय है। कांग्रेसियों का कहना है कि भाजपा अफवाह फैला रही है, ऐसा कुछ होने वाला नहीं है। कांग्रेसियों का मानना है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पर कांग्रेस का ही कब्जा होगा। जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत का अध्यक्ष पद इस बार एसटी मुक्त रखा गया है। इस बार 14 जनपद सदस्यों में से 09 महिलाएं और 05 पुरूष जनपद सदस्य जीतकर आएं है। महिलाओं का भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत में कब्जा रहेगा। कांग्रेस समर्थित 09 जनपद सदस्य में से 03 पुरूष और 06 महिलाएं है। क्षेत्र क्रमांक 02 डोगरकट्टा से खेमीन कोरेटी, क्षेत्र क्रमांक 03 चिल्हाटी क्षेत्र से तेजबत्ती शोरी, क्षेत्र क्रमांक 05 बारवी से निर्मला कावड़े, क्षेत्र क्रमांक 10 जातवाड़ा से दिलेशवरी दर्रो, क्षेत्र क्रमांक 13 आसुलखार से टुपेशवरी कोरेटी, क्षेत्र क्रमांक 14 धनेली से सरोज मरकाम कांग्रेस पार्टी, क्षेत्र क्रमांक 04 कोरर से राजकुमार दर्रो, क्षेत्र क्रमांक 06 भानबेड़ा से सुनाराम तेता और क्षेत्र क्रमांक 12 भीरागांव से भुनेश्वर कोरेटी है। अध्यक्ष की सीट मुक्त होने के चलते कांग्रेस चाहेगी कि पुरूष जनपद सदस्य को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाए, परंतु महिलाएं जनपद सदस्य एकजुट हो गई तो कांग्रेस को महिलाओं के निर्णय के सामने झुकना पड़ सकता है। भानुप्रतापपुर में विधायक कांग्रेस सावित्री मंडावी है और उनकी यही सोच होगी कि हमारे जनपद सदस्य अधिक है तो हमारा ही अध्यक्ष बनें। हरिभूमि को सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस जनपद सदस्यों को गुमनाम जगह पहुँचा दिया है, जिससे अन्य कोई उनसे संपर्क न कर सके।




भाजपा समर्थित 05 जनपद सदस्य में से 03 महिलाएं और 02 पुरूष है। क्षेत्र क्रमांक 01 साल्हे से प्रेमबती उसेंडी, क्षेत्र क्रमांक 08 कराठी से लोकेश्वरी कमलेश निषाद, क्षेत्र क्रमांक 09 संबलपुर से गिरिजा बाई साहू, क्षेत्र क्रमांक 07 कच्चे से विष्णु कचलाम और क्षेत्र क्रमांक 11 नारायणपुर से वरूण खापर्डे जीतकर आएं है। भाजपा का मानना है कि कांग्रेस में आपस में अध्यक्ष को लेकर विवाद बना हुआ है और उस विवाद का लाभ भाजपा को मिलेगा। अंत समय कांग्रेस के तीन जनपद सदस्य जो अध्यक्ष बनने की लाईन में है, उनको अध्यक्ष नहीं बनाए जाने पर भाजपा के लिए क्रास वोटिंग कर सकते है। भाजपा कांग्रेस के एक एक जनपद सदस्य और उनके परिवार की कार्यशैली पर नजर बनाए हुए है। भाजपा संगठन गंभीर नहीं है, परंतु भाजपा के ऐसे पदाधिकारी जो वर्चस्व के लिए सब कुछ करने के लिए तैयार रहते है, ऐसे भाजपा के पदाधिकारी गुणा भाग लगाने में डटे हुए है।

## दुर्गूकोंदल पंचायत की शकुंतला बनीं सरपंच



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल के नवनिर्वाचित सरपंच शकुंतला नरेटी ने जीत प्रमाण पत्र प्राप्त किया और रिकार्ड 744 मत प्राप्त किए। ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल के आश्रित ग्राम दुर्गूकोंदल, पलाचुर, हाहालद्दी, भुरकागुदुम के मतदाताओं ने बड़े अंतर की जीत दिलाई है। शकुंतला नरेटी ग्राम पंचायत गुदुम में 5 वर्ष उपसरपंच और 10 वर्ष तक सरपंच रही। इसका लाभ ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल के जनता मिलेगी।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### कुम्हली की निर्दलीय सरपंच भाजपा में हुई शामिल

**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुम्हली की निर्दलीय सरपंच भगवती कश्यप ने भाजपा का हाथ थाम लिया है। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप की पहल से उसने यह निर्णय लिया है। चंद्रभान ने निर्दलीय सरपंच से कहा कि केन्द्र और राज्य में हमारी सरकार है। हाल ही में हुए नगरीय निकाय के चुनाव में भी शहरवासियों ने विकास के लिए भाजपा को वोट दिया। अब पंचायत में भी भाजपा के लोग जनप्रतिनिधि रहेंगे तो विकास तेज होगा। उनके समझाइश का असर हुआ और सरपंच समेत अन्य कई लोग भाजपा में प्रवेश किए। उनके साथ कांग्रेस समर्थित कार्यकर्ता नरेंद्र ठाकुर, प्रभु नाथ कश्यप, गोलू बघेल, आसाराम कश्यप, रिजु राम यादव, रतन कश्यप, हरिराम बुद्धू यादव शंभू यादव देशमुख कश्यप लखेश्वर कश्यप लक्ष्मण बघेल ओमप्रकाश पांडे, भारत यादव, सूरदास मिथिलेश पांडे, छबिलाल ,गंगाराम, ललित कश्यप ,मनोज ने भी भाजपा परिवार में शामिल होकर गांव का विकास करने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप मण्डल महामंत्री बलीराम एवं गांववासी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीआरपीएफ का हुआ सिविक एक्शन कार्यक्रम

**जगदलपुर।** गंगलूर में सीआरपीएफ 222 बटालियन के कमांडेंट विजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में रविवार को सिविक एक्शन प्रोगाम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी मात्रा में कम्बल, सोलर लालटेन, पानी की टंकी 200 लीटर साड़ी, लूंगी, गमछा, चप्पल, कृषि साम्रगी कुदाल, बर्तन डेगचा, पतीला, भगौना, क्रिकेट किट, फुटबाल और बच्चों के लिए स्टेशनरी का सामान आदि पेदापारा, दिवानपारा, कोटियापारा, बन्दरीपारा, गगरपारा, दुवालीपारा, बुरजी, नेनपाल और माजरपारा के जरूरतमंद लोगों के बीच वितरीत किया गया, जिसके लिए गांववालों ने बहुत ही आभार प्रकट किया। उन्होंने काफी उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश द्वितीय कमान अधिकारी, निरीक्षक जीडी सुभाषचन्द एसएचओ थाना गंगलूर तथा श्रीमती पायल हेमला सरपंच गंगलूर और अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### शशांक रावल का आकस्मिक निधन

**जगदलपुर।** भैरमदेव वार्ड निवासी शशांक रावल उम्र 19 वर्ष का आज



महारानी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वे वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा जिला बस्तर के सह कार्यालय प्रभारी, सह मीडिया प्रभारी प्रकाश रावल के ज्येष्ठ पुत्र व हरिभूमि ब्यूरो चीफ सुरेश रावल का भतीजा था।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: कलेक्टर व सीईओ ने ओरछा ब्लाक के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# युवा मतदाताओं ने दिखाया जबरदस्त उत्साह, डाला वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतिम चरण में ओरछा विकासखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों गोमे, कोंगे, आदनार, कंदाड़ी और कुन्दला का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं और जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग ऑफिसर आकांक्षा शिक्षा खलखो ने निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ममगाईं और सीईओ खलखो ने सबसे पहले कंदाड़ी मतदान केंद्र क्रमांक 07 का निरीक्षण किया, जहां कुल 798 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 405 पुरुष और 393 महिलाएं शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। इसके बाद उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 35 गोमे का निरीक्षण किया, जहां 307 मतदाता (142 पुरुष और 165 महिलाएं) अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। आदनार मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए मतदान अधिकारियों ने जानकारी दी कि यहां कुल 242 मतदाता हैं, जिनमें 142 पुरुष और 100 महिलाएं शामिल हैं। कलेक्टर ने



मतदान प्रक्रिया को बारीकी से देखा और मतदाताओं से बातचीत कर अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने मतदान अधिकारियों को निर्देश दिया कि दोपहर 2 बजे तक लाइन में लगे सभी मतदाताओं को पर्ची देखकर मतदान सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर और सीईओ ने कुन्दला मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां मतदान अधिकारियों ने जानकारी दी कि अब तक 303 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। कलेक्टर ममगाईं ने मतदान समाप्ति के बाद दोपहर 2 बजे से मतगणना शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सके।

### 358 पंच हो चुके हैं निर्विरोध

ओरछा विकासखंड में कुल 21,437 मतदाता हैं, जिनमें 10,629 पुरुष और 10,808 महिलाएं शामिल हैं। इस चरण में विकासखंड के 31 मतदान केंद्रों को शिफ्ट किया गया है। पंच पद के कुल 393 में से 358 पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि शेष 35 पदों के लिए मतदान कराया गया। इसी तरह, सरपंच पद के 36 में से 13 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जबकि 23 पदों के लिए मतदान हुआ। जनपद सदस्य के 11 पद और जिला पंचायत सदस्य के 3 पदों के लिए भी मतदान कराया गया।

## पहली बार मतदान करने पर जताई खुशी

**कोण्डागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन–2025 के तृतीय एवं अंतिम चरण में जनपद पंचायत केशकाल और जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न



हुआ। मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाई। खासकर युवा मतदाताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला, जिनमें कई ऐसे थे जिन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार मतदान करने पहुंचे युवाओं के चेहरों पर उत्सुकता और गर्व साफ झलक रहा था। केशकाल विकासखंड के बहीगांव मतदान केंद्र में पहली बार वोट डालने पहुंचीं सुश्री अनीता और देविका ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, पहला वोट डालना हमारे लिए एक खास अनुभव है। यह न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि समाज और देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। इसी तरह, ग्राम सिंघनपुर के मतदान केंद्र में पहली बार वोट डालने पहुंचे युवा मतदाता किरण साहू ने कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया और मतदान किया। उन्होंने कहा, पहली बार वोट देने का अनुभव बेहद प्रेरणादायक है। हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए, क्योंकि हर वोट कीमती है। युवा मतदाताओं में मनीषा नेताम, ज्योति नेताम सहित कई अन्य मतदाताओं ने भी मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने सभी नागरिकों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

### शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ मतदान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में जिले में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रखी गई। जिससे मतदाताओं को बिना किसी बाधा के मतदान करने का अवसर मिला। इस लोकतांत्रिक उत्सव में युवा मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि आने वाली पीढ़ी अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक है।

## हरवेल में भी मतदाताओं ने किया जमकर मतदान

**केशकाल/विश्रामपुरी।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही मतदाताओं की काफी भीड़ देखने को मिली। लोगों में मतदान को लेकर काफी उत्साह रहा। त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2025 तीसरे चरणों का मतदान में यह जोश बड़ेराजपुर क्षेत्र में भी देखने को मिला। इसी तरह माध्यमिक शाला हरवेल में सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतार देखने को मिली। तीन कक्ष बनाया गया था। शांतिपूर्ण तरीके से किया गया निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत दूसरे चरण के मतदान 23 फरवरी को सभी मतदान केन्द्रों में मतदान कराया। मतदान में पुरुष महिला युवा, बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में जबरदस्त उत्साह के साथ मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने



बड़े उत्साह के साथ त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को ग्रामीण क्षेत्रों में त्यौहार की तरह मनाया गया। ग्रामीण मतदाताओं ने पूरी ऊर्जा के साथ जिला पंचायत सदस्य से लेकर पंच पद के निर्वाचन में हिस्सा लिया और उत्साहपूर्वक ग्रामीण मतदाताओं ने लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाई। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई। लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और प्रशासन द्वारा की गई बेहतरीन व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हुई।

## ग्राम पंचायत किबड़ा में मना चुनाव पर्व ग्रामीणों और युवाओं ने किया मतदान

केशकाल/विश्रामपुरी। कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत किबड़ा में भी सुबह से ही मतदान केन्द्र में पहुंचते हुए दिखाई दिए। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत 23 फरवरी रविवार को अपने सरपंच जनपद जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव करने ग्रामीण मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। युवा वर्ग ही नहीं, बड़े बुजुर्ग, निशक्तजन और महिला मतदाताओं में भी मतदान करने पोलिंग बूथों में लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिली। कहीं पर महिलाएं अपने बच्चे को गोद में लिए, कहीं पहली बार मतदान करते युवा, तो कहीं उम्रदराज मतदाताओं को सहारा देकर मतदान केंद्रों में लाते ग्रामीण नजर आए। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत किबड़ा मे 2 मतदान केंद्र को शिफ्ट करके शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला किबड़ा में किया गया था।



सुबह से ही ग्रामीण मतदाता पैदल चलकर वोट डालने मतदान केंद्र पहुंच रहे थे। कुछ लोग ट्रैक्टर, पिकअप और अन्य साधनों से भी मतदान केंद्र में वोट डालने के लिए भारी भीड़ जमा थी। लोगों में मताधिकार के लिए उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्रामीणों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के प्रति आस्था का प्रदर्शन किया।

## पलारी में राम दरबार मूर्ति स्थापना का भव्य आयोजन होगा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद देशभर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में जिला कोंडागांव के ग्राम पलारी में ग्रामवासियों द्वारा महाकालेश्वर मंदिर में श्री राम दरबार की भव्य मूर्ति स्थापना का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामवासियों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ इस आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस पावन अवसर पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की



प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। पूरे गांव में इस आयोजन को लेकर भक्तिभाव का माहौल बना हुआ है। आयोजकों ने बताया कि 24 फरवरी को सुबह 6 बजे मूर्ति स्थापना एवं हवन–पूजन। 25 फरवरी सुबह 7 बजे से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। 26 फरवरी हाशिवरात्रि पर हवन–पूजन का विशेष आयोजन होगा। ग्रामवासियों ने इस भव्य आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। भक्तों में अपार उत्साह देखा जा रहा है, और इस पावन अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटने की उम्मीद है।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोंडागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, भीरागांव स्कूलपारा निवासी मन्नू नेताम 26 वर्ष ने पीड़िता से प्रेम संबंध बनाया। शादी का वादा कर बार–बार उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता को आरोपी की नीयत पर शक हुआ, तो उसने कोंडागांव थाना में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल कार्रवाई शुरू की। आरोपी घटना के बाद से फरार था, लेकिन पुलिस की टीम लगातार उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सरगीपाल पारा में छिपा हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया और पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। 22 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक गुलाब टंडन व थाना कोंडागांव टीम की अहम भूमिका रही।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद में नए सदस्यों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के पदाधिकारियों ने पूर्व सैनिक सार्जेंट मनोज बासु, पूर्व सैनिक हवलदार सोमलाल पोयाम और मातृशक्ति श्रीमती अनीता पोयाम को संगठन का राष्ट्रीय कैप पहनाकर परिषद का सदस्य बनाया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद मनोज बासु, सोमलाल पोयाम और अनीता पोयाम ने कहा कि वे परिषद की विचारधारा से जुड़कर समाज सेवा में अपना सक्रिय योगदान देंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव और उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सर्वे भवन्तु सुखिनः हमारे मनिषीयों का दिया मूल मंत्र जन-जन को अपने आचरण में लाना होगा : राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शनिवार एक घंटा राष्ट्र के नाम अभियान के तहत साप्ताहिक बैठक पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में एल ईश्वर राव समन्वयक एक घण्टा राष्ट्र के नाम के संयोजन व वरिष्ठ वार्डवासी राम नरेश पाण्डेय की अध्यक्षता एवं डीके पराशर,अजय पाल सिंह जसवाल, मिलन विश्वास के व्यवस्थापन में संपन्न हुई। बैठक में अभियान के समन्वयक एल ईश्वर राव ने राष्ट्रहित ध्येय निमित्त एक घण्टा सामूहिक चिंतन-मनन और उस अनुरूप सदैव आचरण करने का आह्वान वार्ड वासियों से किया। साथ में स्पष्ट किया कि राष्ट्रहित में हम सब भारत वासीयों का हित समाहित है। सर्वे भवन्तु सुखिनः हमारे मनिषीयों का दिया मूल मंत्र है। जिसे जन-जन को अपने आचरण में लाना होगा। जिसका उपस्थित सभा जनों द्वारा समवेत स्वर में समर्थन किया गया।और एक घण्टा राष्ट्र के नाम देने को वार्डवासी संकल्पित हुए। अभियान की ओर से विजय प्राप्त प्रत्याशियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना प्रेषित किया। इस दौरान निर्मल यादव,बबला यादव,भानु प्रकाश राव,रवि शर्मा,मुकेश शर्मा, उग्रेस कौशिक, शिशिर बेहरा गुजराल शार्दुल आदि गणमान्य उपस्थित रहें हैं। इस बैठक में राम नरेश पाण्डेय, संजय चौहान, अजय पाल सिंह जसवाल, डीके पराशर, मिलन विश्वास, धीरेंद्र श्रीवास्तव व जगदीश पटनायक ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए समवेत स्वर में एक घंटा राष्ट्र के नाम अभियान को राष्ट्र के लिए हितकारी व जनहितैषी बताते इसे विस्तार देने पर जोर दिया।

## विधेयक में वकीलों के अधिकारों और स्वतंत्रता को समाप्त करने के प्रावधान

# अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 का वकीलों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ कोंडागांव ने 21 और 22 फरवरी को न्यायालय कार्य से अलग रहने का निर्णय लिया था। अधिवक्ताओं का मानना है कि यह विधेयक वकीलों की स्वतंत्रता को समाप्त करने वाला कानून है।

विधेयक के विरोध में अधिवक्ता संघ ने 21 फरवरी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए जिला कलेक्टर कुणाल दूतावत को ज्ञापन देने का प्रयास किया। अधिवक्ताओं ने आधे घंटे तक इंतजार किया, लेकिन ज्ञापन लेने से इंकार करने के कारण कलेक्टर के रवैये को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। बैठक आयोजित कर विरोध करने का निर्णय लिया गया।

### इन बिंदुओं का कर रहे विरोध

अधिवक्ता संघ के अनुसार अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 में वकीलों के अधिकारों और स्वतंत्रता



को समाप्त करने के प्रावधान शामिल हैं। हड़ताल और बहिष्कार पर प्रतिबंधरू धारा 35 के तहत वकीलों के संगठन को हड़ताल या कार्य बहिष्कार करने से रोका जाएगा। कानूनी व्यवसाय की विस्तृत परिभाषारू धारा 2 में संशोधन कर कॉर्पोरेट वकील, इन–हाउस काउंसल और विदेशी कानूनी निकायों को भी कानूनी व्यवसाय की परिभाषा में शामिल किया गया है। केंद्र सरकार का बार काउंसिल पर हस्तक्षेपरू धारा 4 के तहत केंद्र सरकार को राज्य बार काउंसिल में नामांकित सदस्य नियुक्त करने का अधिकार मिलेगा। बार एसोसिएशन में अनिवार्य पंजीकरण, नई धारा 35। के अनुसार, वकीलों को एक ही बार एसोसिएशन में पंजीकरण कराना होगा।स्थान परिवर्तन पर 30 दिनों के भीतर सूचना देनी होगी। प्रोफेशनल मिसकंडक्ट का प्रावधान, धारा 45ठ के अनुसार, यदि हड़ताल या किसी अन्य कारण से किसी पक्षकार को नुकसान होता है, तो संबंधित वकील के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

### अधिवक्ता संघ का विरोध जारी रहेगा

जिला अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को वकीलों के अधिकारों का हनन बताते हुए केंद्र सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो अधिवक्ता संघ आगे भी विरोध जारी रखेगा। भारतीय विधि की परिषद के आह्वान पर दिनांक 25 फरवरी को भी न्यायालीन कार्य से देशभर के अधिवक्ता विरक्त रहेंगे।

**ये रहे उपस्थित:** अधिवक्ता संघ के विरोध प्रदर्शन में संघ अध्यक्ष दीपक ठाकुर, उपाध्यक्ष असलम खान, सचिव प्रशांत दत्त, संरक्षक तिलक पांडे, सहसचिव गौरव जैन, कोषाध्यक्ष मदन हालदार सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### निर्वाचन ड्यूटी पर...

शिक्षक रुपचंद साहू को निलंबन किया गया है। निलंबन अवधि में कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कांकेर में संलग्न किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### कच्चे माइंस मार्ग...

दिया और उसके उपरांत घटना की जानकारी कच्चे चौकी में दिया गया। कच्चे पुलिस ने कच्चे चौकी में जीरो में अपराध पंजीबद्ध कर थाना भानुप्रतापपुर में डायरी भेजा गया और भानुप्रतापपुर थाना में आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 8821 के चालक के खिलाफ धारा 281,125 (क) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### नेगी तालाब में...

अभियान चलाया गयाऔर इस अभियान मे लगभग 60 सेवादार भाइयों और बहनों के भाग लिया। विदित हो कि कांकेर ईकाई के द्वारा अनेक सामाज कल्याण के कार्य अनेक वर्षों से किए जा रहे हैं, जिसमें रक्तदान, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान शामिल है।

### सायकिल को ठोकर...

करने से सिर में चोट लगा था। ईलाज के लिए धमतरी के अस्पताल ले गए और ईलाज के दौरान मृत्यु होना पाया गया। अज्ञात आरोपी मोटर साकयल चालक द्वारा धारा 281, 106(1) बीएनएस अपराध का घटित करना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**बीजापुर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतिम चरण का मतदान भैरमगढ़ जनपद क्षेत्र में हो रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने भैरमगढ़ ब्लॉक के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदान केन्द्र कुटरूए मंगापेटाए सकनापल्ली एवं गुदमा सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर मतदान की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। इस दौरान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए मतदान एवं सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। वहीं मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया।

## मारकेल के पूर्व उपसरपंच को मतदाताओं ने नकारा

**जगदलपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में नए-नए किस्से प्रकाश में आ रहा है। खासकर वार्डवासी अब वार्ड विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रत्याशी को पंचायत में पंच बनाने का अवसर दे रहे है। जो पहले से 5 साल तक



पंच रहकर वार्ड में कुछ काम नही किया उसे पूरी तरह से नकार दे रहे है। मारकेल पंचायत निर्वाचन में मतदान का परिणाम आया है,वह चौकाने वाला है। वार्ड क्रमांक 1 से चार प्रत्याशी चुनाव में सम्मलित हुए। जिसमें मोरध्वज सेठिया को वार्डवासियों का भरपूर समर्थन मिला और वे 25 वोट से चुनाव जीतकर पंच निर्वाचित हुए। जबकि पूर्व उपसरपंच कमलराम सेठिया जो 5 साल तक पद में थे,किंतु वार्ड में विकास कार्य में कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं रहा, वार्डवासियों ने पूरी तरह से नकारते एक भी वोट नहीं दिया। अचरज की बात है कि पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी किए गए मतदान में कमलराम सेठिया को 0 वोट मिला। इसी तरह पूर्व जनपद सदस्य जो इस चुनाव में वार्ड पंच चुनाव लड़ा था,उसे मात्र एक वोट मिला। वही अनिल सेठिया को 36 और निर्वाचित पंच मोरध्वज सेठिया को सबसे ज्यादा 61 वोट प्राप्त हुआ।

## नक्सल प्रभावित बुरगुम में 35 साल बाद पंचायत चुनाव के लिए मतदान

**जगदलपुर।** दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावित बुरगुम में बीते 35 साल में पहली बार पंचायत चुनाव के लिए मतदान हुआ है। वोटिंग के लिए ग्रामीण मतदाता उमड़ पड़े सुबह जैसे ही वोटिंग शुरू हुई लोग मतदान केंद्र की ओर आने लगे। और उन्होंने वोटिंग की। बुरगुम जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा से 70 किलोमीटर दूर है और पूरा इलाका नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए जाना जाता है। जानकारी के मुताबिक यहां 35 साल में पहली बार मतदान कराया गया। बुरगुम में वोटिंग को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। मतदान करने आए ग्रामीणों ने बताया कि नक्सली दबाव के कारण वह कैमरे के सामने नहीं बोल पाएंगे लेकिन उन्होंने दबी जवान में बताया कि इस ग्राम में विकास दूर दूर तक नहीं दिखाई पड़ता। यहां के लोगों को अपनी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए 35 से 40 किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ता है।

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण हुआ मतदान**

# उत्साह व उमंग के साथ महिला, पुरुष, दिव्यांगजन बुजुर्ग व नवीन मतदाता ने किया जमकर मतदान







हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अर्न्तगत अंतिम चरण का मतदान आज 23 फरवरी को भैरमगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में शांतिपूर्ण, सुचारू रूप से जारी है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। लोकतंत्र के इस महापर्व में ग्रामीण जनता अपने सरकार चुनने के लिए पूरे उत्साह और उमंग के साथ सुबह से कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं जिसमें महिला, पुरूष, दिव्यांगजन, बुजुर्ग मतदाता और नवीन मतदाता सहित सभी वर्गों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कराई गई है। 60 ग्राम पंचायतों के लिए 89 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जनपद पंचायत भैरमगढ़ अर्न्तगत 175 वार्ड पंच, 48 सरपंच, 15 जनपद सदस्य एवं 3 जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव होना है। कुल 47373 मतदाता आज अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करेंगे।

भैरमगढ़ ब्लॉक बीजापुर जिले के सुदूर माओवाद प्रभावित क्षेत्र है चुनाव एवं मतदान कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संवादित कराने पर्याप्त रूप में कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया है जिसके कारण सुदूर क्षेत्रों में बेदरे, फरसेगढ़, कुटरू, दरभा, मंगापेठा, पेठा, अंबेली जैसे सुदूर क्षेत्र के मतदाता निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। 11 बजे तक 25 प्रतिशत मतदान हो चुका है।

## फर्स्ट टाइम वोटर्स शांति कुड़ियामी ने लोगों से मतदान के लिए की अपील



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में ग्रामीण मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वोटर्स अपने जनप्रतिनिधि चुनने के लिए लंबी कतारों में खड़े होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता दे रहे हैं।

फर्स्ट टाईम वोटर्स सुश्री शांति कुड़ियामी ने बताया कि वह पहली बार वोट दे रही हैं और मतदान देकर अच्छा लगा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में उन्होने अपनी सहभागिता दी। सुश्री शांति कुड़ियामी ने मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग कर अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

## टमाटर व बैंगन 10 रुपए किलो में बिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

साप्ताहिक बाजार में रविवार को सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों सस्ती हुई। इस रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र खरीददार बाजार में पहुंचे। बाजार परिसर सब्जियों से भरा पूरा रहा, पर खरीददार कम दिखे, जिससे सब्जी व्यवसायी परेशान रहे। बाजार में मटर 30-40, टमाटर 10, बैंगन 10, बरबटी 30, करेला 70, आलू 30, प्याज 50, अदरक 180, लहसून 250, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 70 रुपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी 20 रूपए में 13 जूड़ी एवं मैथी भाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

## वाहन में भरकर मतदान करने पहुंचे ग्रामीण...



**कोंटा।** सर्वाधिक नक्सल प्रभावित इलाकों से किस तरह लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए मतदाता पहुंचे, बेखौफ बिना डर बिना भय के।

## बुजुर्ग मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक किया अपने मताधिकार का प्रयोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अर्न्तगत अंतिम चरण का मतदान जिले के भैरमगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रहा है।मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्सुकता देखने को मिल रहा है। जांगला मतदान केन्द्र में 70 वर्षीय मतदाता दुलाराम ने मतदान का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सशक्त भूमिका निभाते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की बुजुर्ग मतदाता ने सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की बात कही।

इसी तरह 89 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता हुंगाराम लेकाम ने मतदान केन्द्र मिंगाचल में अपनी पुत्री जिम्मो कुरसम के संग मतदान देने पहुंचा और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्र पेठा में 85 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर प्रत्येक मत की कीमत बताई और मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने।

## खुद को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाते अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास करें




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ एनएमडीसी डीएवी में 11 वीं के छात्रों ने कक्षा 12 वीं के छात्रों को दी विदाई

एनएमडीसी डीएवी रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 वीं के छात्रों ने कक्षा 12 वीं के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनएसएल नगरनार के कार्यकारी निदेशक एमवीएनएस प्रभाकर ने छात्रों को सम्बोधित किया। उन्होंने छात्रों को अध्ययन में श्रेष्ठता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा, जैसे हम कभी नहीं भूलते कि एक प्लस एक बराबर 2, उसी तरह यदि आप नियमित रूप से ब्रह्ममुहूर्त में अभ्यास करें तो आप अध्ययन में सफलता पा सकते हैं और जब जरूरत पड़ेगी तो जानकारी को आसानी से याद कर पाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि एक-दूसरे को अवधारणाओं को समझाकर आप अपने ज्ञान को मजबूत कर सकते हैं। साथ ही, जब आप 90 फीसदी रास्ता तय कर चुके हैं, तो बाकी 10 फीसदी क्यों छोड़ दें? खुद को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाते हुए अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास करें। कार्यक्रम में एनएसएल से अनिल सागी, डीजीएम इलेक्ट्रिकल एवं विनोद कुमार पांडेय जीएजीएम (सीएसआर) मौजूद रहे। इसके अलावा आयोजन में विद्यालय की पूर्व छात्रा आदिति कश्यप और बलेंद्र बघेल को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

दोनों ने कक्षा 12 वीं और कक्षा 11 वीं के छात्रों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया और उन्हें यह समझने में मदद की कि वे अपने जीवन में किस प्रकार से विभिन्न संसाधनों का उपयोग करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। दोनों ने छात्रों को सफलता के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा संस्थानों का उद्देश्य आपको सोचने की क्षमता विकसित करना और सीखने के तरीके को समझाना है। उन्होंने छात्रों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन संदीप बेबोर्टा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इस विदाई कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजन करने में कक्षा 11 वीं के कक्षा शिक्षक इंद्रजीत गुप्ता का योगदान सराहनीय रहा। इस विदाई समारोह में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर कक्षा 12 वीं के छात्रों को एक सशक्त और प्रेरणादायक विदाई दी, जो उनके भविष्य के लिए एक सशक्त कदम साबित होगी।

## स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना का हुआ तीसरा चरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में माता सुदीक्षा महाराज द्वारा सेवा रूप प्राप्त आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ब्रांच जगदलपुर के सेवादारों एवं साध संगत द्वारा प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत महादेव घाट के किनारो की सफाई की गई। कार्यक्रम मुखी गोवर्धन दास नवतानी द्वारा सफाई अभियान में शामिल होकर किया गया।

साथ ही सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, नगर निगम के तीन वरिष्ठ पार्षद सुरेश गुप्ता, खेम सिंह देवांगन, निर्मल पानीग्रही ने भी सेवा कार्य किया। मुखी गोवर्धन दास ने कहा बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिवस 23 फरवरी के उपलक्ष में पूरे भारतवर्ष में 1500 से ज्यादा स्थान पर यह कार्यक्रम एक साथ शुरू कर पूरा किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। समय-समय पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान नेत्र परीक्षण शिविर, स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य सामाजिक कार्यों को जनकल्याण हेतु करता है। इसी कड़ी में जलस्त्रोतों की सफाई सतगुरु माता सुदीक्षा से प्रेरणा पाकर कर रहे हैं। उक्त जानकारी राजेश देवानी ने दी।

## बस्तर विधायक लखेश्वर एवं सपरिवार ने किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने तीसरे चरण में अपने गृह ग्राम गिरोला में मतदान किया। उनके साथ उनके धर्मपत्नी सुमित्रा बघेल एवं उनके सुपुत्र अनुराग बघेल भी मतदान करने पहुंचे थे।

इस दौरान विधायक बघेल ने कहा सभी को मतदान का अधिकार है, मैं भी मतदाता हूं इसलिए लाइन में खड़े होकर इंतजार कर मतदान किया।

मतदाताओं में दिखा उत्साह मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।

महिलाएं और पुरुष दोनों ही बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में भी मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है वहीं, मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी गई है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

# नदी में पानी कम होने से किसानों को नुकसान

**सैकड़ों एकड़ फसल प्रभावित**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

इन्द्रावती नदी के जलस्तर में गिरावट के कारण बस्तर विकासखंड के कई गांवों में सिंचाई संकट गहरा गया है। लामकेर, भोण्ड, नदीसागर सहित नदी तट के समीप बसे अनेक गांवों के किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए आवश्यक पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे सैकड़ों एकड़ फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। गांव के किसान लंबे समय से इन्द्रावती नदी पर निर्भर रहे हैं। लेकिन इस बार पानी की कमी के कारण धान, गेहूं, मक्का,सब्जियों और अन्य फसलों पर संकट गहरा गया है। किसानों ने बताया कि यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकला, तो फसल बर्बाद हो जाएगी और आर्थिक नुकसान होगा। नव निर्वाचित जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 22 हेमराज बघेल तथा ग्राम पंचायत लामकेर के सरपंच लक्ष्मण कश्यप ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए वे जल्द ही किसानों के साथ मिलकर कलेक्टर एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपेंगे।

### किसानों की समस्या का निराकरण हो

क्षेत्र के विधायक लखेश्वर बघेल ने इस संबंध में किसानों की परेशानियों को दूर करने उचित पहल करने की बात कही है। मुख्य समस्या लगातार गिरते जलस्तर और जल संचयन की कमी, एनीकेट में पानी का रुकाव न होने के कारण सिंचाई संकट बढ़ता जा रहा है। सरकार और प्रशासन को जल संरक्षण एवं प्रबंधन की दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### किसानों की मांग

किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित करने, नहरों और तालाबों का गहरीकरण करने तथा वैकल्पिक सिंचाई साधनों को विकसित करने की मांग की है। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में बस्तर के किसानों को और गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### टेलीफान अदालत-कम ओपन हाऊस 27 को

**जगदलपुर।** दूरसंचार जिला बस्तर (कांकेर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोण्डागांव) के उपभोक्ताओं के लिए 27 फरवरी को 11 बजे महाप्रबंधक दूरसंचार जिला बस्तर जगदलपुर के कार्यालय में टेलीफोन अदालत-कम-ओपन हाऊस लगेगी। अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग संबंधी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम माह से अधिक अवधि से लंबित हों तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई हों ऐसे प्रकरण भेजे जा सकते हैं। उपभोक्ता अपनी लिखित शिकायत (पूर्व में किए गए पत्र व्यवहार की प्रतिलिपि के साथ यदि हो तो महाप्रबंधक दूरसंचार जगदलपुर के कार्यालय में 24 फरवरी तक वाणिज्यिक अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से ऑन द स्पॉट या डाक द्वारा भेज सकते है। डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से टेलीफोन अदालत-कम-ओपन हाऊस प्रकरण लिखा होना चाहिए।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों के आसपास सफाई के महापौर ने दिए निर्देश

**जगदलपुर।** शहर के नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे शपथ ग्रहण से पहले ही एक्शन मोड में आ गए हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को और भी बेहतर बनाना उनकी चुनावी एजेंडे का मुख्य हिस्सा रहा है और इस दिशा में उन्होंने काम भी शुरू कर दिया है। महापौर संजय पांडे ने रविवार ल सुबह इस विषय को लेकर निगम आयुक्त के साथ बैठक की। बैठक में निगम के कर्मचारी भी मौजूद रहे। चार दफे पार्षद और दो कार्यकाल के दौरान नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहते पांडे शहर की सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर हमेशा मुखर देखे गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर चलते हुए वे स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते आए हैं। गंदगी ही बीमारियों की मुख्य जड़ होती है, इसे ध्यान में रखते हुए संजय पांडे अपने होम वार्ड के साथ ही अन्य वार्डों की साफ सफाई के लिए आक्रामक तेवर दिखाते रहे हैं। अब महापौर बनने के बाद उन्होंने पहला कदम साफ सफाई की ओर ही बढ़ाया है। महापौर संजय पांडे ने 26 फरवरी को पड़ने वाले महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर शहर के सभी मंदिरों, शिवालयों और देवालयों के आसपास की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि महाशिवरात्रि से पहले इन पवित्र स्थानों से गंदगी पूरी तरह हट जानी चाहिए।

### भानपुरी पुलिस ने नंदपुरा डोंगरीपारा में रेड मारकर की कार्रवाई

# मध्यप्रदेश की 4.65 लाख की अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए भानपुरी पुलिस ने एमपी की 4.65 लाख रूपए की शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब की सूचना पर भानपुरी पुलिस ने नंदपुरा डोंगरीपारा में रेड मारकर कार्रवाई करते हुए 71 पेटी में रखा 540 बल्क लीटर शराब बरामद किया है।

अवैध शराब की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश तथा एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में अवैध

- 631.440 बल्क लीटर की 71 पेटी शराब किया गया बरामद

शराब बिक्री करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने निरीक्षक अमित पद्मशाली थाना प्रभारी भानपुरी के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

टीम द्वारा शनिवार दोपहर ग्राम नंदपुरा डोंगरीपारा में एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम लखेश्वर कश्यप 35 वर्ष निवासी नंदपुरा डोंगरीपारा का होना बताया। आरोपी के घर




की तलाशी में 71 कार्टून में रखा मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब मैकडावल नंबर एक का 10 पेटी, गोवा व्हीस्की का 60 पेटी, तथा गोवा व्हीस्की का एक खुला पेटी जिसमें 28 नग पौवा रखा था जब्त किया गया। जब्त 631.440 बल्क लीटर शराब की अनुमानित कीमत 4 लाख 65 हजार 820 रूपए आंका गया है। इसके अलावा एक मोबाईल भी जब्त किया गया। भानपुरी पुलिस मामले की फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर विवेचना कर रही है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 34 (2)आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर रविवार को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अमित पद्मशाली के अलावा एसआई शत्रुघन नाग, प्रधान आरक्षक राधेलाल कोर्राम, आरक्षक महेन्द्र मुकेश शोरी, छबिलाल सोम, फगनू कश्यप, शिवचरण पैकरा, तरूण वैध व महिला आरक्षक शशिकला भगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी से बल्ब, टीवी, पंखा, हीटर, पंप चल रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग के सातों जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी को रोकने के लिए विद्युत लाईन केबल बिछाया गया है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक केबल नहीं लगाया गया है, जिससे ग्रामीण नंगी तार से सीधे हुकिंग कर बिजली चोर कर रहे हैं। इस पर

- बिजली चोरी से लाइन लास बढ़ा व कंपनी को हो रहा राजस्व का नुकसान

विद्युत कंपनी के सतर्कता शाखा के अधिकारी की टीम ने बिजली कनेक्शन की जांच में बिजली चोरी करते मिले, इससे कंपनी को राजस्व का नुकसान हो रहा है। बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी हो रही है। बताया जा रहा है कि शाम होते ही बिजली तार में हुकिंग कर बिजली चोरी का खेल शुरू हो जाता है। कंपनी द्वारा बिजली चोरी करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण इसका भार अन्य उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। वहीं हुकिंग कर बिजली चोरी करने के कारण लो-वॉल्टेज से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रहा है। बिजली की हुकिंग करने से मामला दर्ज किया जाता है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की सुस्ती के चलते धड़ल्ले से बिजली की चोरी कर रहे है। ग्रामीण चोरी की बिजली से घर रोशन करने के साथ ही खाना बना रहे हैं। लोग मनमाने ढंग से बिजली चोरी से बल्ब, टीवी, पंखा, हीटर, पंप जैसे उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं। इससे विद्युत कंपनी को लाईन लॉस अधिक होता है, जिससे कंपनी की बिजली के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### लाइन लॉस कम करें

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने सतर्कता एवं सभी जिलों के डीई, एई एवं जेई को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र के बिजली चोरी का ध्यान दें, जिससे कंपनी को लाईन लॉस कम हो सके।

## संभाग के दर्जनभर उद्योग बेखौफ कर रहे प्रदूषण, लोगों को रही परेशानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग के सातो जिलों में दर्जनभर से अधिक उद्योग प्रदूषण के रोकथाम और नियंत्रण पर नियमों का बेखौफ अनदेखा कर रहे है, जिससे लोगों भारी परेशानियों सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे स्थित क्रेशर प्लांट में दिन में धूल का गुब्बार से आसपास के रहवासी परेशान हो गए हैं। उद्योग संचालक की ओर से पर्यावरण संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है, इस ओर पर्यावरण संरक्षण मंडल का ध्यान नहीं दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसमें जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 33 ए और वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31 ए का उल्लंघन किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी के अनुसार ऐसे उद्योगों को नोटिस देकर तत्काल प्रभाव से अमल करवाएंगे का निर्देश देंगे।

## पैरोकार साहित्य शिखर सम्मान से कोलकाता में सम्मानित होंगे डॉ. राजाराम त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जनजातीय साहित्य के पुरोधा और देश के ख्याति प्राप्त जैविक कृषि वैज्ञानिक व पर्यावरणविद् डा. राजाराम त्रिपाठी को 25 फरवरी को कोलकाता में आयोजित एक भव्य साहित्यिक समारोह में पैरोकार साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनके जनजातीय साहित्य में विशिष योगदान के लिए दिया जाएगा। कोलकाता से प्रकाशित हिंदी साहित्यिक व शोध पत्रिका पैरोकार ने अपनी सफल यात्रा के ग्यारह वर्ष पूर्ण कर लिए है। पत्रिका ने अपनी ग्यारह वर्षों की सफलतम यात्रा को अविष्मरणीय बनाने के लिए कोलकाता में 25-26 फरवरी 2025 को दो दिवसीय पैरोकार साहित्य महोत्सव'' का आयोजन किया है। द्वितीय दिवस का आयोजन पैरोकार तथा विश्व विख्यात जैव-सामाजिक शोध संस्थान भारतीय जैव सामाजिक अनुसंधान एवं विकास संस्थानऱ (इबराड) के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।



यह भव्य साहित्यिक महोत्सव पैरोकार के विशेषांक के विमोचन, आज की साहित्यिक पत्रकारिता पर संगोष्ठी, पुस्तक चर्चा और राष्ट्रीय अकादमिक सेमिनार के साथ संपन्न होगा। डॉ. राजाराम त्रिपाठी कोलकाता में आयोजित ''पैरोकार साहित्य महोत्सव'' के दूसरे दिन इबराड में बतौर मुख्य अतिथि नई शिक्षा नीतिः हिंदी साहित्य में प्रायोगिक प्रशिक्षण पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में व्याख्यान देकर छात्रों व शोधार्थियों का मार्ग दर्शन करेंगे।

## अमेरिका राष्ट्रपति के बयान काफी मायने रखता है बस्तर में विदेशी फंडिंग की जांच हो : ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

अमेरिकी राष्ट्रीय डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान से कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर करोड़ों अमरीकी डॉलर चंदे के रूप में देना तय किया था। ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए करोड़ों डॉलर खर्च करने की जरूरत क्यों है। ऐसा लगता है कि वह किसी और को निर्वाचित करने की कोशिश कर रहे थे। ट्रंप के इस बयान को भारत सरकार काफी गंभीरता से ले रही है,



चूंकि यह आंतरिक सुरक्षा से संबंधित गंभीर मामला है। इसलिए यह जांच का विषय है। उक्त विचार के उद्गार विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी ने व्यक्त किया है। ब्रम्हचारी के अनुसार ट्रंप का इशारा साफ है कि बाइडेन भारत के विदेश नीति को प्रभावित कर एक कठपुतली सरकार को समर्थन देना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने फंडिंग की रास्ता चुना। ज्ञात हो कि भारत में विदेशी फंडिंग ज्यादातर जनजातीय क्षेत्रों में काम कर रहे एनजीओ को ही अधिक मिलता है।

### सरकार को सर्वे करा कर स्थिति स्पष्ट करनी

इस विषय पर बात करते हुए विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी ने कहा कि, विश्व हिंदू परिषद विदेशी फंडिंग का पुरजोर विरोध करती रही है, शिक्षा, स्वस्थ, व अन्य सामाजिक कार्यों के नाम पर करोड़ों अमरीकी डॉलर एनजीओ के माध्यम से बस्तर में धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए भेजा जाता रहा है जो अब बंद हो ना चाहिए सरकार जांच कर ऐसे संस्थाओं को बंद करने के लिए उचित करवाई करे जो भारत के आंतरिक मामलों व सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हो सकते हैं।

निधन

### स्वर्णलता सिंह

**कांकेर।** जिला मुख्यालय कांकेर से सटे ग्राम सिंगारभाट निवासी कांग्रेस



नेत्री श्रीमती स्वर्णलता सिंह का अल्प बीमारी के चलते 23 फरवरी की सुबह निधन हो गया। अंतिम संस्कार दोपहर 12.30 बजे मुक्तिधाम अन्नपूर्णा पारा में किया गया। वे संजय सिंह, संदीप सिंह एवं सचिन सिंह की माता थी।

## संबलपुर मार्ग जर्जर, ग्रामीणों ने की जल्द मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

दुर्गूकोंदल से संबलपुर मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। मामले में क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन लोगों का आना जाना होता है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन चलने से सड़क अत्यंत खराब हो गई है। सड़क के जर्जर होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है, वहीं बारिश के



बाद भी सड़क का सुधार नहीं किया गया है, जिससे जगह-जगह गड्ढा होने से दुर्घटना होने की संभावना हो रही है।

ग्रामीणों ने सड़क मार्ग को 15 दिन के अंदर सुधार नहीं करने पर धरना प्रदर्शन करने की बात कही है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आईआर कंवर ने बताया कि सड़क की मरम्मत बहुत जल्दी की जाएगी।

## अनूपा कोवाची बांगाचार ग्राम पंचायत की सरपंच निर्वाचित

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल में द्वितीय चरण का चुनाव 20 फरवरी को संपन्न हुआ, वहीं देर रात तक चुनाव परिणाम भी आने लगे थे, जहां अनूपा कोवाची के बांगाचार की सरपंच बनने की घोषणा भी हुई। विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत बांगाचार में सरपंच पद के लिए तीन उम्मीदवार अनुपा कोवाची, राजबती बघेल और रूकबी बघेल चुनाव मैदान में थे, जिसमें निर्वाचित सरपंच अनुपा कोवाची ग्राम पंचायत बांगाचार के आश्रित ग्राम नेवाड़ खेड़ा ने विजय प्राप्त किया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी राजवती बघेल को 93 वोटों से पराजित किया। विदित हो कि ग्राम पंचायत बागाचार के आश्रित ग्राम नेवारखेड़ा क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसा है, वहीं पहली बार इस ग्राम से सरपंच पद निर्वाचित होने पर ग्रामीणों में काफी उत्साहित है और काफी खुश है। नेवार खेड़ा से सरपंच पद पर



निर्वाचित होने पर ग्राम पंचायत के सरपंच नवनिर्वाचित सरपंच अनुपा कोवाची ने कहा कि ग्राम पंचायत के सभी समस्याओं का समाधान विशेष कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को अपने आवश्यकता के अनुसार प्रयास करते हुए लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर ग्राम पटेल रामदुलार कोवाची, गायाता शिवलाल कोवाची, संदीप दुग्गा, झाड़राम रावटे, किशोर कोवाची, अंमिला राजोन, सुषमा, रमेश, सुरेंद्र, सानूराम नेताम एवं अन्य ग्रामीणों के द्वारा विशेष सहयोग दिया गया।



## कानापोड़ के सरपंच बलराम का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत कानापोड़ के नव निर्वाचित सरपंच बलराम जुर्री का सम्मान शक्ति किसान कल्याण समिति द्वारा समिति कार्यालय में सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा श्रीफल व तिलक लगाकर किया गया एवं सबको साथ लेकर ग्राम विकास सामाजिक समरसता एकता अखण्डता के साथ गढबो नवा कानापोड़ का संकल्प लिया गया। सम्मान समारोह में समिति संरक्षक जीवधर प्रसाद दुबे, बृजलाल साहू, जोहन साहू, षटबदन साहू, एकांत दुबे सहित समस्त सदस्य आनन्द निषाद, फुलचंद कांगे, भीखम जुर्री, देवकुमार, अलख साहू, थानसिंग साहू, कृष्णा जैन, विजय दुबे, केशव नाग, तामेश्वर दुबे, गायता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्रापं एवं जनपद क्षेत्र कोड़ेकुर्सी में मना जश्न

# सरपंच एवं जपं सदस्य की जीत पर ग्रामीणों ने निकाल विजय जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्सी एवं जनपद क्षेत्र कोड़ेकुर्सी से पंचायत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के अंतर्गत क्षेत्र कोड़ेकुर्सी से सरपंच जनपद सदस्य की जीत की खुशी में मुख्यालय में विजय जुलूस निकाला गया।

ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्सी के सरपंच साधना सहारे एवं जनपद सदस्य अमृत कोटिगल निर्वाचित होने पर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला और निर्वाचित होने के पश्चात ग्राम पंचायत के सरपंच दो वोटो से एवं जनपद सदस्य 596 वोट से विजय हासिल होने पर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। जीत के बाद क्षेत्र मुख्यालय



से कोड़ेकुर्सी तक विजय जुलूस निकाला गया। ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनपद सदस्य ने कहा कि गांव एवं क्षेत्र के विकास में प्रमुख रूप से सभी की भागीदारी होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा हमारी प्राथमिकता होगी कि शासन के विभिन्न योजनाओं को ग्रामीण स्तर गांव के अंतिम व्यक्ति को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं का सहयोग मिला उनके प्रति विजय प्रत्याशियों ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नारायण पटेल, अशोक रावटे, रघुनंदन गोस्वामी, अजित हिड़को, सखाराम हिड़को, बसंत दुग्गा, शत्रु जैन, जेठी जैन, मिथिला जैन, सिया साहरे, बेदकुंवर जैन, कैलाश जैन, गौतम कोटिंगला, मुकेश दुग्गा, अशोक भास्कर, ईश्वर जैन, जोहर जैन,विमल पटेल, बबलू जैन, सुभम सिन्हा,नमित जैन, मोती लाल भुआर्य,नमित जैन, सुरेंद्र पांडे, खिल्लू पांडे, रुपेश पांडे अन्य ग्रामवासी शामिल रहे।




